# न्यायालय उप जिला कलक्टर एवं उप जिला मजिस्ट्रेट बांदीकुई (दौसा)

PH-01420-226487
E-Mail- sdo-ban-dau-rj@nic.in

प्रकरण संख्या :–42 / 2020
प्रकरण निर्णय दिनांक:–09.10.2023

उनवान–1. कमला पुत्री जगना पत्नि रामलाल मीना नि. बडियाल कलॉं तह. बसवा जिला दौसा

बनाम

1. उमराव पुत्र भौंरीलाल जाति मीना नि. बडियाल कलॉं तह. बसवा जिला दौसा
2. गुड्डी पुत्री छोटेलाल मीना जाति मीना नि. कुटीन साहबदास हाल ब्राह्मण बैराडा तह. सिकराय जिला दौसा
3. गिर्राज पुत्र भौंरीलाल जाति मीना नि. बडियाल कलॉं तह. बसवा जिला दौसा
4. ज्योति पुत्री छोटेलाल मीना नि. कुटीन हाल ब्राह्मण बैराडा तह. सिकराय जिला दौसा
5. जितेन्द्रसिंह पुत्र वीरेन्द्रसिंह जाति राजपूत नि. बडियाल कलॉं तह. बसवा जिला दौसा
6. दौलतराम पुत्र रामकरण जाति मीना नि. बडियाल कलॉं तह. बसवा जिला दौसा
7. निर्मला कॅवर पत्नि वीरेन्द्र सिंह राजपूत नि. बडियाल कलॉं तह. बसवा जिला दौसा
8. पूजा पुत्री छोटेलाल जाति मीना नि. कुटीन साहबदास हाल बडियाल कलॉं तह. बसवा जिला दौसा
9. भागन्ती पत्नि मनोहर जाति मीना नि. गढमेडी तह. बसवा जिला दौसा
10. मनोहर पुत्र भौंरीलाल जाति मीना नि. बडियाल कलॉं तह. बसवा जिला दौसा
11. महेन्द्र पुत्र विरेन्द्रसिंह जाति राजपूत नि. बडियाल कलॉं तह. बसवा जिला दौसा
12. मानसिंह पुत्र समुन्द्र सिंह जाति राजपूत नि. बडियाल कलॉं तह. बसवा जिला दौसा
13. योगेन्द्र पुत्र विरेन्द्र जाति राजपूत नि. बडियाल कलॉं तह. बसवा जिला दौसा
14. राजकुमार पुत्र लक्ष्मणसिंह जाति राजपूत नि. बडियाल कलॉं तह. बसवा जिला दौसा
15. राजेन्द्र सिंह पुत्र लक्ष्मणसिंह जाति राजपूत नि. बडियाल कलॉं तह. बसवा जिला दौसा
16. लक्ष्मीनारायण पुत्र रामजीलाल जाति मीना नि. कुटीन साहबदास ताल समोची रोड, गॅंज खेडली जिला अलवर
17. लडडो पत्नि भौंरीलाल जाति मीना नि. बडियाल कलॉं तह. बसवा जिला दौसा
18. मोतीलाल पुत्र भप्पुराम जाति मीना नि. साहबदास कुटीन तह. गंज खेडली अलवर
19. विजयसिंह पुत्र लक्ष्मणसिंह जाति राजपूत नि. बडियाल कलॉं तह. बसवा जिला दौसा
20. शोभा पुत्री छोटेलाल जाति मीना नि. कुटीन साहबदास हाल बडियाल कलॉं तह. बसवा जिला दौसा
21. सन्तरा देवी पत्नि छोटेलाल जाति मीना नि. बडियाल कलॉं
22. सुरेन्द्र पुत्र रामजीलाल जाति मीना नि. बडियाल कलॉं
23. यूको बैंक शाखा बडियाल कलॉं तह. बसवा
24. स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया शाखा बॉंदीकुई
25. पी.एन.बी. बैंक शाखा बॉंदीकुई
26. उप पॅंजीयन अधिकारी एवं उप पॅंजीयन कार्यालय बडियाल कलॉं
27. राजस्थान सरकार जरिये लैण्ड होल्डर राजस्थान सरकार तहसीलदार बसवा तह. बसवा

उप खण्ड अधिकारी
बांदीकुई (दौसा)

Scanned with CamScanner

## दावा बाबत–तकास्मा व स्थायी निषेधाज्ञा
## मुकदमा नं.–42 / 2020 सन्–2020

वादिया द्वारा वाद दावा तकास्मा व स्थायी निषेधाज्ञा इस आशय का पेश किया कि भूमि काश्त आराजियात खाता सं. नया 92 पुराना 90 के खसरा नं. 215 रकबा 0.3700 हैक्ट., खसरा नं. 218 रकबा 0.3000 हैक्ट., खसरा नं. 219 रकबा 0.3400 हैक्ट., खसरा नं. 220 रकबा 0.8100 हैक्ट., कुल किता 4 कुल रकबा 1.8200 हैक्ट. वाके ग्राम उदेरवाडा तह. बसवा जिला दौसा है। जिसे आगे चलकर भूमि मुतदाविया से सम्बोधित किया जावे। भूमि मुतदाविया में वादिया एवं प्रतिवादीगण सं. 1 लगायत 22 का 1305 / 3220 वॉ हिस्सा है और पक्षकारान शामिल में ही काश्त कर मुफीद होते चले आ रहे हैं व लगान अदा करते चले आ रहे हैं। वादिया का हिस्सा 19 / 112 एवं 30 एयर में है। तथा वादिया बजमाने बुजुर्गान से खसरा नं. 215 पर अपने पिता जगन के जीवनकाल से ही ख. नं. 215 पर काबिज काश्त होकर मुस्तफीद चली आ रही है व अपने पिता के समय से रिहायशी मकानात आदि बने हुये हैं और वादिया अपने पिता की सम्पत्ति की एकमात्र वारिस है। प्रतिवादीगण सं. 1 लगायत 22 जबरन लाठी के बल पर वादिया को उसके हिस्से अनुसार काश्त करने में मजाहमत पैदा करते हैं तथा एलानिया कह रहे हैं कि वादिया के कब्जे शुदा हिस्से को हमारे हिस्से केसाथ ऐसे भूमाफिया लोगों को बेच कर रहेंगें जो लाठी के बल पर वादिया को जबरन बेदखल कर कब्जा कर लेगा। वादिया ने प्रतिवादी सं. 1 लगायत 22 से भूमि मुतदाविया का तकास्मा सरस नरस करवाने हेतु कहा तो प्रतिवादीगण सं. 1 लगा. 22 ने इनकार कर दिया और एलानिया धमकी दी कि हम तो भूमि मुतदाविया का बिना सरस नरस तकास्मा करवाये ही किसी भी भू माफिया को विक्रय करके रहेंगें। ऐसी सूरत में वादिया को भूमि मुतदाविया का सरस नरस तकास्मा करवाना आवश्यक हुआ है।

अतः निवेदन है कि भूमि मुतदाविया का पक्षकारान के मध्य उनके हिस्से अनुसार सरस नरस के हिसाब से तकास्मा किया जाकर पक्षकारान के हिस्से में आयी भूमि पर कब्जा करवाया जावे। प्रतिवादीगण सं. 1 लगा. 22 को जरिये अस्थायी निषेधाज्ञा इस अमर से प्रतिबंधित किया जावे कि वे भूमि मुतदाविया का बिना विधिवत सरस नरस तकास्मा हुये भूमि मुतदाविया को किसी भी दीगर शख्स को रहन बय व किसी भी तरीके से हस्तान्तरित न करे व प्रार्थिया को भूमि मुतदाविया से जबरन बेदखल कर नाजायज जबरिया कब्जा करने की कोशिश न करे तथा भूमि मुतदाविया या उसके किसी भी भाग को किसी दीगर शख्स को रहन व बय करने से व प्रतिवादी सं. 26 विपक्षीगण प्रतिवादीगण सं. 1 लगा. 22 द्वारा पेश किये गये ऐसे किसी दस्तावेज रहननामा, बयनामा आदि को पंजीकृत करने से एवं प्रतिवादी सं. 27 भूमि मुतदाविया के राजस्व रिकार्ड में किसी भी प्रकार की तब्दीली करने से दवामी तौर पर पाबन्द रहे व भूमि मुतदाविया के मौके व राजस्व रिकार्ड की स्थिति को यथावत बनाये रखे।

प्रकरण दर्ज रजिस्टर कर तलबी प्रतिवादीगण जर्ये रजिस्टर्ड ए.डी. नोटिस विधिवत की गई। प्रतिवादीगण बावजूद तामील जर्ये रजिस्टर्ड ए.डी. नोटिस उपस्थित नहीं आने पर प्रतिवादीगण के विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही अमल में लायी गयी। साक्ष्य वादी शपथ पत्र कमला पुत्री जगना पत्नि रामलाल एवं भागीरथ सिंह पुत्र मंगूसिंह जाति राजपूत के पेश किये गये।

वादिया वकील ने राजस्व रिकार्ड के वादग्रस्त भूमि का तकास्मा करवाने का निवेदन किया। हमने [illegible] पत्र एवं संलग्न दस्तावेज राजस्व जमाबंदी संवत 2073–76 ग्राम उदेरवाडा खाता सं. नया 92 पुराना 90 का अवलोकन किया। वादग्रस्त भूमि राजस्व रिकार्ड में पक्षकारान की सहखातेदारी भूमि दर्ज है। प्रत्येक सहखातेदार को खातेदारी भूमि का विधिवत तकास्मा करवाने का आर.टी. एक्ट 1955 के तहत अधिकारात प्राप्त होने से वादिया वाद तकास्मा स्वीकार किया जाकर प्राथमिक डिक्री किया गया। तथा तहसीलदार बसवा को भूमि खाता सं. नया 92 पुराना 90 के खसरा नं. 215 रकबा 0.3700 हैक्ट., खसरा नं. 218 रकबा 0.3000 हैक्ट., खसरा नं. 219 रकबा 0. 3400 हैक्ट., खसरा नं. 220 रकबा 0.8100 हैक्ट., कुल किता 4 कुल रकबा 1.8200 हैक्ट. वाके ग्राम उदेरवाडा तह. बसवा जिला दौसा का राजस्व रिकार्ड जमाबंदी में दर्ज खातेदारान के मध्य सरस–नरस, रास्ते आदि की सुविधा को ध्यान में रखते हुए, विधिवत पक्षकारान की उपस्थिति में मौका विभाजन कर कुरैजात प्रस्ताव बरंग सुर्ख नक्शा ट्रेस दो प्रतियों में तैयार कर न्यायालय हाजा में प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। तहसीलदार बॉदीकुई के पत्र कमांकः 3358 दिनांकः 17.08.2023 द्वारा कुरैजात प्रस्ताव प्राप्त होकर शामिल पत्रावली किये गये। तहसीलदार बॉदीकुई से प्राप्त कुरैजात का वादिया वकील द्वारा अवलोकन किया गया एवं प्राप्त कुरैजात अनुसार वाद को अंतिम डिकी किये जाने बाबत निवेदन किया तथा सहमति प्रकट की। हमने प्राप्त कुरैजात का अवलोकन किया। प्राप्त कुरैजात तहसीलदार बॉदीकुई द्वारा पक्षकारों को विधिवत सूचित कर मौके पर बरूये राजस्व रिकार्ड के बनाया जाना प्रकट होने से प्राप्त कुरैजात स्वीकार किये जाना उचित प्रतीत होता है। अतः वादिया वाद दावा तकास्मा व स्थायी निषेधाज्ञा स्वीकार किया जाकर प्राप्त कुरैजात अंनुसार निम्न अनुसार अंतिम डिकी किया जाता है।

उप खण्ड अधिकारी
बांदीकुई (दौसा)

Scanned with CamScanner

| | | | वर्तमान कुर्रजात प्रस्ताव के अनुसार खातेदारी | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| खाता सं0 | खसरा नं. | रकबा | क्रम सं. | नाम काश्तकार व वल्दियत | खसरा नंबर | रकबा |
| नया-92<br>पुराना-90 | 215<br>218<br>219<br>220 | 0.37<br>0.30<br>0.34<br>0.81 | 1. | कमला पुत्री जगन पत्नि रामलाल जाति मीना सा. कुटीनसाबदारान राहिन एस.बी.आई. शाखा बॉदीकुई | 215 | 0.3087 |
| कुल | किता 4 | 1.82 हैक्ट. | | कुल किता | 01 | 0.3087 हैक्ट. |
| | | | 2 | 1. उमराव पुत्र भोरीलाल हि. 45/8154 जाति मीना सा. देह राहिन यू.को. बैंक बडियाल कलॉ, कमलेश पुत्र रामकरण हि. 45/8154 जाति मीना सा. देह राहिन यू.को. बैंक बडियाल कलॉ, गुड्डी पुत्री छोटेलाल हि. 342/8154 जाति मीना सा. कुटीनसाबदास, गिर्राज पुत्र भौरीलाल हि. 45/8154 जाति मीना सा. देह राहिन यू.को. बैंक शाखा बडियाल कलॉ, ज्योति पुत्री छोटेलाल हि. 342/8154 जाति मीना सा. कुटीनसाबदास, जितेन्द्रसिंह पुत्र विरेन्द्र सिंह हि. 180/8154 जाति राजपूत सा. देह, दौलतराम पुत्र रामकरण हि. 45/8154 जाति मीना राहिन यू.को. बैंक शाखा बडियाल कलॉ, निर्मला देवी पत्नि विरेन्द्र सिंह हि. 180/8154 जाति राजपूत सा. देह, पूजा पुत्री छोटेलाल हि. 342/8154 सा. कुटीनसाबदास, भागन्ती पत्नि मनोहर हि. 1995/8154 जाति मीना सा. मेडी, मनोहर पुत्र भौरीलाल हि. 45/8154 जाति मीना सा. देह, महेन्द्र पुत्र रामकरण हि. 45/8154 जाति मीना सा. देह राहिन यू.को. बडियाल, महेन्द्र सिंह पुत्र विरेन्द्र सिंह हि. 9/8154 जाति राजपूत सा. देह, मानसिंह पुत्र समुन्द्र सिंह हि. 1200/8154 जाति राजपूत, योगेन्द्र सिंह पुत्र विरेन्द्र सिंह हि. 180/8154 जाति राजपूत, राजकुमार पुत्र लक्ष्मणसिंह हि. 320/8154 राहिन एस.बी.आई. शाखा बॉदीकुई, राजेन्द्र सिंह पुत्र लक्ष्मणसिंह हि. 320/8154 राहिन हि. 240/8154 पी.एन.बी. शाखा बैजूपाडा, रामसिंह पुत्र भप्पूराम हि. 855/8154 जाति मीना सा. कुटीनसाबदास, लक्ष्मीनारायण पुत्र रामजीलाल हि. 285/8154 जाति मीना सा. कुटीनसाबदास, लड्डो पत्नि भौरीलाल हि. 45/8154 जाति मीना राहिन यूको बैंक शाखा बडियाल कलॉ, विजयसिंह पुत्र लक्ष्मणसिंह हि. 320/8154 राहिन हि. 240/8154 पी.एन.बी. शाखा बैजूपाडा, शान्ति पत्नि रामकरण हि. 45/8154 राहिन यू.को. बैंक शाखा बडियाल कलॉ, शोभा पुत्री छोटेलाल हि. 342/8154 जाति मीना सा. कुटीनसाबदास, सन्तरा देवी पत्नि छोटेलाल हि. 342/8154 जाति मीना, सुरेन्द्र पुत्र रामजीलाल हि. 285/8154 जाति मीना सा. कुटीनसाबदास | 215/1<br>218<br>219<br>220 | 0.0613<br>0.30<br>0.34<br>0.81 |
| | | | | कुल किता | 4 | 1.5113 हैक्ट |

उप खण्ड अधिकारी
बांदीकुई (दौसा)

Scanned with CamScanner

कुरैजात, निर्णय व डिक्री का भाग रहेगा। अंतिम डिक्री जारी हो। तहसीलदार बॉदीकुई तदनानुसार राजस्व रिकार्ड में विधिवत अमल दरामद करना सुनिश्चित करे। साथ ही प्रतिवादीगण को जर्ये स्थायी निषेधाज्ञा पाबन्द किया जाता है कि वे वादीगण के कब्जे काश्त में किसी भी प्रकार की मजाहमत न करें। पालना हेतु तहसीलदार बॉदीकुई को तहरीर जारी हो। पत्रावली फैसलशुमार होकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो। निर्णय आज दिनांक: 09.10.2023 को लिखा एवं सुनाया जाकर हस्ताक्षरित किया गया।

निर्णय सुनाया गया।

उप खण्ड अधिकारी
(नीसंदीकुमार(दौसी)णा)
आर.ए.एस.
उपखण्ड अधिकारी
बॉदीकुई

Scanned with CamScanner